## महत्वपूर्ण एवं खास

### मासूम से रेप-हत्या मामले में पुलिस कर रही सूक्ष्मता से काम : डीजीपी

**दुर्ग-रायपुर (आरएनएस)।** पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम अचानक भिलाई दौरे पर पहुंचे। उन्होंने इसकी जानकारी किसी को नहीं दी थी। निरीक्षण के दौरान मीडिया से बात करते हुए डीजीपी ने 6 साल की मासूम के साथ रेप कर हत्या मामले को दुखद बताया। उन्होंने कहा कि पुलिस इस मामले में पूरी निष्ठा से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि ये घटना समाज को झकझोर देने वाली है। पुलिस इस मामले की जांच तेजी से कर रही है, ताकि पीड़िता के परिजनों को जल्द से जल्द न्याय मिल सके। उन्होंने कहा इस मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाया जाएगा, जिससे आरोपी को जल्द से जल्द सख्त से सख्त सजा दिलाई जा सके। इस दौरान डीजीपी गौतम ने नशाखोरी पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि यह छत्तीसगढ़ पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। विशेष रूप से युवाओं और बच्चों में नशे की प्रवृत्ति बढ़ रही है, जो भविष्य के लिए गंभीर संकेत हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग लगातार नशे के कारोबारियों और तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रहा है, लेकिन इस लड़ाई में आम जनता की भी भागीदारी जरूरी है। उन्होंने समाज से अपील की कि नशा मुक्ति के अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएं और बच्चों को इस बुराई से दूर रखने में सहयोग करें।

### बाराती गाड़ी अनंत्रित होकर बिजली खंभे से टकराते हुए खेत में घुसी

**कोरबा (आरएनएस)।** उरगा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पकरिया मे भीषण सडक़ हादसा रायगढ़ से बाराती गाड़ी अनंत्रित होकर बिजली खंभे से टकराते हुए खेत पर जाकर पलट गई देखते देखते लोगों की भीड़ जुट गई ओर स्थानीय लोगों ने किसी तरह कार से घायल लोग को बाहर निकला गया। जानकारी के मुताबिक पूरा मामला उरगा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पकरिया के पास का है जहाँ रायगढ़ से बारात वापस लौटते समय कार पकरिया के पास पहुंचा और अनंत्रित होकर बिजली खंबे को टक्कर मारते खेत पर पलट गई इस घटना में बारातियों की चीख पुकार मच गई कार पर छह लोग सवार होकर आ रहे थे। किसी तरह से कार में सवार लोगों को बाहर निकला गया सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका उपचार जारी है जिसमें दुल्हन की बहन गंभीर रूप से घायल है बताया जा रहा है कि कार चालक काफी नशे में था, इसलिए यहां हादसा हुआ है पुलिस कर रही मामले की जांच।

### नेशनल हाइवे चोटिया के पास सड़क पार करता दिखा 45 हाथियों का दल

**कोरबा (आरएनएस)।** नेशनल हाइवे चोटिया के पास सडक़ पार करता दिखा 45 हाथियों का झुंड, हाथियों के दल में 8 बेबी एलिफेंट भी शामिल, मुख्य मार्ग पर लगा जाम। हाथियों को खदेडऩे वन अमला रहा मौके पर मौजूद थे। कटघोरा वन मण्डल में लगभग 100 हाथियों का दल अलग अलग क्षेत्रों में कर रहे है विचरण.रात्रि में हाथियों द्वारा ग्रामीणों के घर व फसलों का किया जा रहा नुकसान.कटघोरा वन मण्डल के चोटिया का मामला।

### कच्ची महुआ शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर (आरएनएस)।** जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत तखतपुर थाना पुलिस ने एक आरोपी को अवैध शराब बिक्री के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 19 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपी परमानंद मानिकपुरी, उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम देवतरा, तखतपुर है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम चोरमा पुल के पास एक व्यक्ति भारी मात्रा में कच्ची शराब के साथ बिक्री हेतु ग्राहक की तलाश कर रहा है। सूचना के आधार पर घेराबंदी कर परमानंद मानिकपुरी को पकड़ा गया। उसके कब्जे से 19 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की गई, जिसे तत्काल जप्त करते हुए आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### धान बोरी के नीचे छुपकर बैठा था 10 फीट लंबा किंग कोबरा-किया गया रेस्क्यू

**कोरबा (आरएनएस)।** कोरबा जिला बालको रेंज अंतर्गत ग्राम पोड़ीखोवा के एक घर में उस वक्त हडक़ंप मच गया, जब लोगों ने 10 फीट लंबा किंग कोबरा को धान के बोरी के नीचे बैठे देखा। देखते ही परिवार वालों की होश उड़ गए। तत्काल लोगों ने इसकी सूचना और रेस्क्यू टीम को दी। मौके पर पहुंची रेस्क्यू टीम द्वारा 10 फीट लंबा किंग कोबरा का रेस्क्यू कर उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया। रेस्क्यू के बाद घर वालों ने राहत की सांस ली। गनीमत रही कि सांप ने किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया।

# ई-श्रम पोर्टल में प्लेटफार्म श्रमिकों के लिए पंजीयन शिविर का आयोजन 11 अप्रैल से

**❑ पंजीयन कार्य के लिए विभिन्न स्थलों में लगाया जाएगा शिविर**

**रायगढ़**

भारत सरकार के ई-श्रम पोर्टल पर प्लेटफार्म श्रमिकों के लिए रजिस्ट्रेशन की सुविधा प्रदान की गई है। जिसके लिए रायगढ़ शहर के विभिन्न स्थलों एवं घरघोड़ा, खरसिया तथा बरमकेला में 11, 15 एवं 16 अप्रैल 2025 को विशेष पंजीकरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

सहायक श्रमायुक्त, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार द्वारा केन्द्रीय बजट 2025-26 में प्लेटफार्म वर्कर्स को कवर करने के लिए आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के विस्तार की घोषणा की गई है। जिसमें प्लेटफॉर्म वर्कर्स (जैसे- जोमेटो, उबेर, ओला, रैपिडो, स्विगी, ब्लिकीट, इंस्टामार्ट, फ्लिपकार्ट, अमेजन, प्लेटफॉर्म बेस्ट डिलिवरी पर्सन इत्यादि) वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा का लाभ आसानी से मिल सके। जिसके लिए रजिस्ट्रेशन का कार्य 11 अप्रैल से शुरू किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में संचालित बेस्ट गिग वर्कर्स एवं उनके संगठनों से समन्वय एवं बैठक आयोजित कर प्लेटफॉर्म वर्कर्स को ई-श्रम पोर्टल में अधिकाधिक पंजीयन कराने के तत्संबंध में अधिकारी/कर्मचारियों की ड्युटी लगाई गई है।

11 अप्रैल को जिन जगहों पर पंजीयन शिविर का आयोजन किया जाएगा इनमें स्काई किंग ऑफिस हंडी चौक, रायगढ़ में स्मिता तांडी एवं मोनिका निर्मलकर की ड्यूटी लगाई गई है। जिनका मोबा. नं 9893545556, 9301307681 है। इसी तरह ब्लू डार्ट ऑफिस शिवम बिहार रायगढ़ में जय प्रकाश भगत एवं रोशन लाल पटेल, मोबा. नं 7049270789, 6264554056, इंस्टा कार्ट ऑफिस चोपड़ा हाऊस कोतरा रोड, रायगढ़ में विकास जाय खलखो एवं लवरेंस नंद मोबा.नं 9098378433, 7489033304, इंस्टा कार्ट ऑफिस ढिमरापुर रायगढ़ में हीरा लाल यादव एवं किशोर लठारे मो.नं. 7879553349, 9584976041, मेसो रिटेल ऑफिस सावित्री नगर रायगढ़ में सूर्यकांत सिंह सिदार एवं अहिल्या चौहान मो.नं. 7000447150, 7987497381, मेसो रिटेल ऑफिस तहसील बरमकेला में उत्तम पटेल एवं प्रशांत प्रधान मोबा.नं.8103626645, 6266711611, फ्लिपकार्ट ऑफिस तहसील घरघोड़ा में नागेश्वर साहू एवं कु.योगिता साहू मोबा. 8461014278, 6268843458, फ्लिपकार्ट ऑफिस तहसील खरसिया में भुवनेश्वर साहू एवं तेज नाग मोबा. 9617906015, 9669530263, ई-कोर्ट ऑफिस अटल चौक छातामुड़ा चौक रायगढ़ में योगेश्वर एवं अशोक राजवाड़े मोबा. नं.7879735946, 9926817028 से संपर्क किया जा सकता है।

15 अप्रैल को जिन जगहों पर पंजीयन शिविर का आयोजन किया जाएगा इनमें एक्सप्रेस बिस ऑफिस रामभांठा रायगढ़ में जयप्रकाश भगत एवं रोशन लाल पटेल की ड्यूटी लगाई गई है। जिनका मोबा. नं 7049270789, 6264554056 है। इसी तरह देल्हीवेरी ऑफिस दशरथ पान ठेला कोतरा रोड रायगढ़ में विकास जाय खलखो एवं लवरेंस नंद मोबा. 9098378433, 7489033304, देल्हीवेरी ऑफिस क्रिस्टल ग्रीन कालोनी ट्रांसपोर्ट नगर रायगढ़ में हीरा लाल यादव एवं किशोर लठारे मोबा. 7879553349, 9584976041, ई-कोर्ट ऑफिस ढिमरापुर रोड रायगढ़ में योगेश्वर साहू मोबा.नं. 7879735946, 7000447150 एवं डीटीडीसी कोरियर ऑफिस गांधी गंज रायगढ़ में स्मिता ताडी एवं मोनिका निर्मलकर मोबा.नं. 9893545556, 9301307681 से संपर्क किया जा सकता है।

16 अप्रैल को जिन जगहों पर पंजीयन शिविर का आयोजन किया जाएगा इनमें पथिक होटल, चावला होटल बेकर्स मैजिक स्टेशन रोड रायगढ़ में योगेश्वर साहू एवं अशोक राजवाड़े की ड्यूटी लगाई गई है। जिनका मोबा. नं 7879735946, 9926817028 है। इसी तरह जे.के.रेस्टोरेंट, आमंत्रण होटल सिग्नल चौक रायगढ़ में जय प्रकाश भगत एवं दीपक पटेल मोबा. नं. 7049270789, 8839568163, मोमो फैक्ट्री, डामिनोस ग्रैंड मॉल रायगढ़ में विकास जॉय खलखो एवं लवरेंस नंद मोबा.नं. 9098378433, 7489033304, शर्मा भोजनालय एवं अन्नपूर्णा भोजनालय स्टेशन रोड, जानकी वाटिका रामलीला मैदान के पास रायगढ़ में हीरा लाल यादव एवं किशोर लठाने मोबा.नं.7879553349, 9584976041 तथा अलंकार होटल, तुलसी होटल, गोपी टाकीज के पास, मुरारी होटल रायगढ़ में सूर्यकांत सिंह सिदार एवं रोशन लाल पटेल की ड्यूटी लगाई गई है जिनका मोबा.नं. 7000447150, 6264554056 है।

## राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत समीक्षा बैठक आयोजित

**❑ मलेरिया बीमारी के नियंत्रण, डेंगू के रोकथाम तथा मानसून से पूर्व कार्ययोजना एवं आवश्यक तैयारी करने के दिए गए निर्देश**



**रायगढ़**

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अनिल कुमार जगत ने सीएमएचओ कार्यालय के आरोग्यम सभागृह में राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत मासिक मलेरिया समीक्षा बैठक ली। सीएमएचओ डॉ.अनिल कुमार जगत ने जिले में मलेरिया बीमारी के नियंत्रण, डेंगू के रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु मानसून से पूर्व कार्ययोजना एवं आवश्यक तैयारी करने हेतु निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने फाइलेरिया रोगियों के रोग प्रबंधन और हाइड्रोसील मरीज के शीघ्र ऑपरेशन करने हेतु समस्त कर्मचारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर जिला मलेरिया अधिकारी डॉ टी जी कुलवेदी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक रंजना पैकरा, आईडीएसपी नोडल अधिकारी डॉ केनन डेनियल, जिला डाटा मैनेजर आतिश तिग्गा, व्ही बी डी टेक्निकल सुपरवाइजर निर्मल प्रसाद एवं गौतम प्रसाद, अकाउंटेंट प्रीति शर्मा और जिला एवं विकासखंड से स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डीईओ ने ली सभी संकुलों की विभागीय समीक्षा बैठक

**❑ अपार आईडी जनरेट कार्य में प्रगति लाने एवं ऑनलाइन अवकाश आवेदन को उसी दिन स्वीकृत करने के दिए निर्देश**



**रायगढ़**

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में जिला शिक्षा अधिकारी के.वेंकट राव ने नटवर अंग्रेजी माध्यम स्कूल रायगढ़ में जिले के सभी संकुलों की विभागीय समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की।

समीक्षा के दौरान डीईओ ने जिन स्कूलों के द्वारा अभी भी अपार आई डी जनरेट करने में कोताही बरतते हुये जनरेट नही किया जा रहा है, उन स्कूलों के संस्था प्रमुख से सीएसी को सतत सम्पर्क कर पूर्ण कराने को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन पोर्टल में ही अवकाश आवेदन करने और आवेदन किये गये अवकाश आवेदन को संबंधित शाला के प्रधानपाठक और प्राचार्य को अवकाश स्वीकृति पूर्व दिवस में ही करना होगा। बिना अवकाश स्वीकृति के संबंधित कर्मचारी को मुख्यालय त्यागना मान्य नही होगा। जिले में चिन्हांकित सभी दिव्यांग बच्चों को जिनका विशेष पहचान प्रमाणपत्र नही बना है, उन सभी दिव्यांग बच्चो को जिला स्तर से आयोजित किये जाने वाले शिविरों में अनिवार्यता उपस्थिति कराने हेतु सभी बीआरपी आई डी को निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान जिन छात्रों के आधार में त्रुटि है या नही बना है, जिनका आय, जाति, निवास, जन्मप्रमाण न हो उन्हें विधिवत आवेदन करने को कहा गया। कक्षा पांचवी और आठवीं में अनुतीर्ण होने या पूरक आने वाले छात्रों को परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद 01 मई से रेमेडियल कक्षा अनिवार्य रूप से संचालित करने को कहा गया। गणित, विज्ञान, अंग्रेजी विषय के ग्रीष्मावकाश में नियमित कक्षा संचालन करने वाले सभी शिक्षकों को प्रोत्साहन स्वरूप अनुपातिक रूप से अर्जित अवकाश की पात्रता प्रदान की जायेगी।

समीक्षा बैठक के दौरान एपीसी भुवनेश्वर पटेल, भूपेंद्र पटेल, छात्रवृत्ति नोडल एस के कर्ण, बीईओ रवि सारथी, एस आर सिदार, सुन्दरमनी कोंध, मोनिका गुप्ता, शैलेश देवांगन, जी आर जाटवर, एबीईओ मनीष सिन्हा, बीआरसी मनोज अग्रवाल, शैलेन्द्र मिश्रा, अरविंद राजपुत, मनोज साहू, सभी बीआरपीए ब्लॉक ऑपरेटर, सभी संकुलों के सीएसी उपस्थित रहे।

## नेटवर्क मार्केटिंग, लंबे समय से अनुपस्थित तथा शराब सेवन करने वाले शिक्षकों पर होगी सख्त कार्यवाई

**जशपुर-रायपुर । आरएनएस**

जिला पंचायत सभाकक्ष में बुधवार को शिक्षा विभाग के सभी प्राचार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय ने रूबरू होते हुए कहा कि जिले में शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए हम सभी को मिल कर प्रयत्न करना होगा। इसके लिए शासन द्वारा भी जिले को पूर्ण रूप से सहयोग प्राप्त हो रहा है। किसी भी स्कूल में संसाधन की कोई कमी ना हो इसके लिए हम सभी मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि वे स्वयं भी सभी स्कूलों में दौरा कर व्यवस्थाओं का अवलोकन कर कमियों को दूर करने में सहयोग करेंगे। उन्होंने अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से भी आग्रह किया कि जब भी किसी क्षेत्र के भ्रमण में जाएं तो आस पास के स्कूलों का निरीक्षण अवश्य करें और शिक्षा व्यवस्था सुदृढ करने में अपना सहयोग करें।

**जनप्रतिनिधियों की भी सक्रिय सहभागिता की है आवश्यकता-कलेक्टर-** इस अवसर पर कलेक्टर रोहित व्यास ने कहा कि स्कूलों में प्रबंधन से लेकर सभी गतिविधियों में सामूहिक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। इसके लिए उन्होंने सभी स्कूलों के प्राचार्यों को स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर उन्हें स्कूल गतिविधियों में शामिल करने को कहा। जिन बच्चों की उपस्थिति बहुत कम है उनके परिजनों को बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करने हेतु प्रोत्साहित करने एवं पालक बालक बैठक प्रतिमाह आयोजित कर स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी इसमें शामिल करते हुए बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने अप्रैल माह में नियमित कक्षाओं का संचालन कर 10 प्रतिशत से अधिक पाठ्यक्रम इसी माह पूर्ण करवाने को कहा।

**जशपुर के बच्चे बनाएंगे टेलिस्कोप :** ऐसे बच्चे जो 9वीं, 10वीं एवं 12वीं कक्षा में प्रवेश करने वाले हैं, ऐसे छात्र जो पढ़ाई में कमजोर हैं उनके लिए कलेक्टर ने विशेष उपचारात्मक कक्षाएं आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने 11वीं में प्रवेश करने वाले छात्रों को अपने विषय चयन में सहयोग देने के लिए प्रशिक्षित नोडल शिक्षकों द्वारा कैरियर कॉउंसलिंग के सेशन आयोजित करवाने के भी निर्देश दिए। बच्चों में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति जागरूकता लाने के लिए टेलिस्कोप मेकिंग वर्कशॉप का आयोजन किया जाना है। इसके लिए कलेक्टर ने वर्कशॉप के साथ बच्चों को टेलीस्कोप किट प्रदान कर उन्हें उपयोग के लिए प्रेरित करने को कहा। उन्होंने बताया कि विभा साइंस क्लब का गठन कर प्रत्येक स्कूल में किया जाएगा। जिसके लिए प्रत्येक विद्यालय के 2 शिक्षकों को दिल्ली के विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षित कर विज्ञान के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करने का प्रयास किया जा रहा है जिसमें सभी को उत्साह पूर्वक भाग लेना है।

**नेटवर्क मार्केटिंग करने वालों के विरूद्ध होगी सख्त कार्रवाई :** बैठक में कलेक्टर ने नेटवर्क मार्केटिंग से जुडक़र अलग व्यवसाय में कार्य करने वाले शिक्षकों को अपने शासकीय कार्य में कोताही बरतते हुए बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने के लिए सख्त कार्रवाई करने के जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए। उन्होंने इसके लिए अन्य लोगों के नाम के माध्यम से कार्य करने वालों की भी जानकारी एकत्र कर कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने प्राचार्यों को भी ऐसी जानकारी मिलने पर तुरन्त एसडीएम एवं सक्षम अधिकारी को जानकारी देने तथा ऐसी जानकारी पर अधिकारियों को शिक्षकों पर विभागीय जांच कर शासकीय सेवा से बर्खास्त करवाने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त लंबे समय से अनुपस्थित शिक्षकों एवं शराब का सेवन कर विद्यालय आने वाले शिक्षकों के विरूद्ध भी सख्त कार्रवाई करने को कहा।

**समर कैम्प में बच्चों की रुचि अनुसार सिखाएं कलाएं :** कलेक्टर ने बच्चों की वार्षिक परीक्षा सम्पन्न होने के उपरांत 01 मई से समर कैम्प का आयोजन विकासखण्ड स्तर पर करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने इस समर कैम्प में बच्चों को उनकी रूचि अनुसार कला के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर देने हेतु योग्य प्रशिक्षकों की सहायता से प्रशिक्षण देने को कहा।

## प्रधान पाठक पंकजनी गुप्ता को दी गई भावभीनी विदाई

**रायगढ़**



शासकीय प्राथमिक शाला केसाईपाली में कार्यरत शिक्षिका प्रधान पाठक पंकजनी गुप्ता के अधिवार्षिकी आयू पूर्ण करने के उपरांत प्राथमिक शाला प्रांगण में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्या देवी माँ सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित कर शारदा वंदना के साथ हुआ जिसमें स्कूली बच्चों का शानदार प्रस्तुति रही है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये हेमन्त कुमार चौहान के द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया तथा अभिनंदन पत्र का वाचन सहायक शिक्षक परमजीत सिदार के द्वारा किया गया। तत्पश्चात संयुक्त संकुल पंचपारा के सभी गुरुजनों एवं नगर पंचायत पुसौर के अध्यक्ष मानी मोहित सतपथी द्वारा अभिनंदन पत्र भेंट किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजकुमार सिदार, सुभाषचंद्र होता, जयराम प्रधान, युदुमणी पटेल, मोहित सतपथी ने शिक्षकीय गरिमा का वर्णन किये तथा शिक्षिका के निर्विवाद 33 वर्ष सेवा पूर्ण करने पर बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित किए।

## महिला से छेड़खानी का मामला: लैलूंगा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

**रायगढ़**



लैलूंगा थाना क्षेत्र में महिला से छेड़छाड़ के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी मनमोहन महंत (35 वर्ष) को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है। पीड़िता ने अपने परिजनों के साथ थाना पहुंचकर कल आरोपी के खिलाफ लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें उसने बीते कई दिनों से आरोपी द्वारा मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान किए जाने का आरोप लगाया।

शिकायत के अनुसार, 5 अप्रैल 2025 की रात लगभग 8 बजे जब पीड़िता का पति काम पर गया हुआ था, तब आरोपी मनमोहन महंत जबरन उसके घर में घुस आया और हाथ पकड़कर खींचतान करने लगा। महिला के शोर मचाने पर आरोपी वहां से भाग निकला। घटना की जानकारी जब पीड़िता ने अपने पति को दी, तो उन्होंने तत्काल मामले को गंभीरता से लिया।

अगले दिन, 6 अप्रैल को जब महिला महुआ बिनने जंगल गई थी, तब आरोपी वहां भी पहुंच गया और एक बार फिर जबरदस्ती हाथ पकड़कर छेड़छाड़ करने लगा। पीड़िता के पति ने जब इसका विरोध किया तो मनमोहन ने उनके साथ मारपीट की। आरोप है कि जब पीड़िता ने इस व्यवहार की शिकायत मनमोहन के परिजनों से की, तो उन्होंने उल्टा उसे ही अपशब्द कहकर डांट-फटकार दी।

मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक विजय चेलक ने सहायक उपनिरीक्षक चंदन नेताम और स्टाफ के साथ तत्काल दबिश दी और आरोपी को हिरासत में ले लिया। आरोपी के खिलाफ आवश्यक धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस मामले में आगे भी सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी ताकि पीड़िता को न्याय मिल सके और क्षेत्र में कानून व्यवस्था कायम रहे।

## राहगीरों से रात में लूटपाट करने वाले तीन गिरफ्तार

**जामुल-रायपुर । आरएनएस**



प्रार्थी कुलदीप निषाद निवासी बाजार चैक ग्राम अहेरी थाना नंदिनी नगर का रहने वाला थाना जामुल उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की दिनांक 08.04.2025 की रात्रि करीबन 12:30 बजे अपने दोस्त के जन्मदिन पार्टी से अपनी मोटर सायकल से घर लौट रहा था एम.पी.ई.बी. चौक जामुल के पास स्कुटी सवार 03 लडक़े आये और धारदार चाकु दिखाकर मारपीट कर जेब में रखे नगदी 500 रूपये, मोबाईल फोन एवं आधार कार्ड जबरदस्ती लूट कर भाग गये। प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना जामुल में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों में शत-प्रतिशत बरामदगी करने तथा बदमाशों के विरूद्ध शख्त कार्यवाही करने का निर्देश प्राप्त है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर भिलाई)सुखनंदन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक छावनी हरीश पाटिल के मार्गदर्शन में जामुल पुलिस द्वारा माल मुल्जिम के पता तलाश में जुट गई। प्रार्थी के बताये हुलिया के आधार संदेहियो को पकड़ा गया। संदेहियों से पुछताछ करने पर पहले तो पुलिस को गुमराह करते रहे किन्तु बारिकी से पूछताछ करने पर प्रार्थी के साथ लूट करना स्वीकार किया। तीनो आरोपी साथ मिलकर घटना को अंजाम दिये है। प्रार्थी से लूट की गई नगदी रकम 500 रूपये, मोबाईल फोन, आधार कार्ड एवं घटना में प्रयुक्त स्कूटी एवं धारदार चाकू को जप्त की गई है। आरोपी दिशु जगत पूर्व में नेवई क्षेत्र में एटीएम तोडफ़ोड़ के मामले में भी जा चुका है जेल। तीनो आरोपियों को आज दिनांक 10.04.2025 को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। इस महत्वपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी जामुल निरीक्षक कपिल देव पाण्डेय, उप निरीक्षक सौमित्री भोई, सउनि महफूज खान, आर. चेतमान गुरूंग, रत्नेश शुक्ला, जी. सामुएल, रूपनारायण बाजपेयी, चन्द्रभान सिंह, अतुल सिंह यादव का विशेष योगदान रहा।

आरोपी:- 01 दिशु जगत पिता संतोष जगत उम्र 19 साल निवासी न्यू खुर्सीपार केनाल रोड उडिय़ा मोहल्ला थाना खुर्सीपार, 02 हिमांशु सिंह पिता हेमराज सिंह उम्र 20 साल निवासी दुर्गा मंदिर के पीछे लक्ष्मी पारा जामुल थाना जामुल, 03 जय कुमार साहू उर्फ छोटु उर्फ डी.जे. पिता दुजेराम साहू उम्र 18 साल निवासी वार्ड 03 संतोषी चैक जामुल थाना जामुल।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480